सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

प्रेरणा
मेहनत एक सुनहरी चाबी है। जो बन्द भाग्य के भी दरवाजे खोल देती है।

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 02 DECEMBER TO 08 DECEMBER 2022 • VOLUME-20 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

### प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने कहा-

## भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता संभालना एक ऐतिहासिक क्षण



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने गुरुवार को भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता संभालने को ऐतिहासिक क्षण करार दिया और कहा कि ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने 'देश को सर्वश्रेष्ठ तरह से प्रस्तुत करें जिस ओहदे और महत्ता का वो हकदार है।" उन्होंने कहा कि देश में 56 अलग-अलग स्थानों पर बैठक आयोजित करने से ये सुनिश्चित होगा कि इस घटना का अखिल भारतीय मिजाज सही मायने में प्रदर्शित हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि हरेक राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश और नागरिक भारत की इस अध्यक्षता में एक बराबरी का भागीदार है। मिश्रा ने इस मौके पर आयोजित 'यूनिवर्सिटी कनेक्ट: एंगेजिंग यंग माइंड्स' कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा, "भारत में जितनी विविधता है, उतनी ही विशिष्टता भी है। दुनिया के सामने भारत की सर्वश्रेष्ठ परंपराओं को लाना हमारी जिम्मेदारी है।" एक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सरजमीं पर इस सबसे बड़े बहुपक्षीय कार्यक्रम की मेजबानी करने का गौरवशाली अवसर मिला है। मिश्रा ने कहा, "जी-20 की अध्यक्षता भारत की विविधता को बाहरी दुनिया के सामने पेश करने का एक मौका है।

हमारे विश्वविद्यालय स्थानीय इतिहास और महत्वपूर्ण स्थलों, कला-रूपों और अन्य सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में छात्रों को प्रशिक्षित कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र उसके बाद बैठकों के आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं और विदेशी मेहमानों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। बड़ी संख्या में मौजूद विश्वविद्यालय छात्रों और श्रोताओं को उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों के अलावा प्रकृति की सैर, गांव का दौरा, साप्ताहिक और स्थानीय बाजारों की यात्रा जैसे रोमांचक अनुभव भी प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, "विश्वविद्यालय मेधावी छात्रों का चयन कर सकते हैं और उन्हें ऐसे सत्रों के प्रतिवेदक बनने के लिए प्रशिक्षित कर सकते हैं।"

दुनिया अभी चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रही है इसका जिक्र करते हुए मिश्रा ने कहा कि इस वक्त ने अवसर भी पेश किए हैं और भारत ने विश्व में ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों की दिशा में इस बदलाव का नेतृत्व करने में अग्रणी भूमिका निभानी शुरू की है। उन्होंने कहा, "वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड और इंटरनेशनल सोलर एलायंस जैसी हमारी वैश्विक पहलों को गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत तक स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने की हमारी घरेलू प्रतिबद्धता का समर्थन मिला है। अगर हमारे जैसा देश रास्ता दिखाता है तो दुनिया को अनुसरण करना ही होगा।"

### पीएम मोदी का नाम स्वर्ण अक्षरों में होगा अंकित: अश्वनी शर्मा



**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को G 20 सम्मेलन की मेजबानी करने पर सभी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत सहित पंजाब के लिए बहुत गर्व की बात है। शर्मा ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी इतने बड़े सम्मेलन की मेजबानी का मौका भारत के प्रधानमंत्री को मिला हो। इससे स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असल में विश्व प्रसिद्ध तथा विश्व के चहेते नेता हैं। अश्वनी शर्मा ने कहा कि आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का डंका बज रहा है। जी20 सम्मेलन की मेजबानी मिलने से एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी को विश्व विख्यात नेता होने पर मोहर लगा दी है। भारतीय जनता पार्टी पंजाब इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा देशवासियों को बधाई देती है।

## रिश्वत लेने वाले सेवामुक्त एसएमओ के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मामला दर्ज

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के अंतर्गत सिवल अस्पताल मजीठा में तैनात रहे सीनियर मैडीकल अफ़सर (एसएमओ) डॉ. सतनाम सिंह के विरुद्ध 1,15,000 रुपए की रिश्वत मांगने और लेने के दोष अधीन भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि दोषी एस. एम. ओ, निवासी फ्रेंड्ज़ ऐवीन्यू, अमृतसर को मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई ऑनलाइन शिकायत की जांच के बाद गिरफ़्तार किया गया है।

## हरजोत बैंस ने जाति और बिरादरी पर आधारित सभी सरकारी स्कूलों के नाम बदलने के दिए आदेश

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने राज्य में स्थित ऐसे सभी सरकारी स्कूलों के नाम बदलने के आदेश जारी किए हैं जिनके नाम जाति एवं बिरादरी पर आधारित हैं। हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के बहुत से सरकारी स्कूलों के नाम किसी जाति अथवा बिरादरी से जोडक़र रखे होने सम्बन्धी कई मामले उनके संज्ञान में आए हैं, जोकि मौजूदा दौर में असभ्य होने का एहसास करवाते हैं और साथ ही समाज में जाति आधारित भेदभाव को प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षा मंत्री पंजाब ने कहा कि पंजाब गुरूओं-पीरों एवं महान पैगंबरों की धरती है, जिन्होंने मानवता को जात- पात और हर किस्म के भेदभाव से दूर रहने की शिक्षा दी है।

उन्होंने कहा कि आज के समय के अनुसार विद्यार्थियों के कोमल मन पर इन नामों का गहरा प्रभाव पड़ता है और कई बार बहुत से माता-पिता भी अपने बच्चों को इन नामों के कारण सरकारी स्कूलों में दाख़िल करवाने से गुरेज़ करते हैं। पंजाब के समूह ज़िला शिक्षा अधिकारियों सेकेंडरी शिक्षा एवं एलिमेंट्री शिक्षा से उनके अधीन क्षेत्र में चल रहे अलग-अलग जाति आधारित नामों के स्कूलों की रिपोर्ट माँगी गई है। इस रिपोर्ट के मिलने के उपरांत इन नामों को बदलने के लिए विभाग द्वारा बिना देरी किए कार्यवाही करने के लिए मुख्य कार्यालय के उच्च अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं।

### बाला वर्क के लिए 3.85 करोड़ की राशि जारी

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्रणाली को और अधिक चुस्त और समय के साथी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों संबंधी जानकारी देते हुए पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के 5500 एलिमेंट्री स्कूलों और 2200 हाई और सीनियर सेकंडरी स्कूलों में बाला वर्क के लिए 3.85 करोड़ रुपए की अनुदान राशि जारी की गई है।

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की अचल संपत्ति अटैच



**रांची.** ईडी ने मनरेगा से जुड़े घोटाले के मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की प्रॉपर्टी को लेकर कार्रवाई की है। आईएएस अधिकारी को खूंटी जिले में मनरेगा फंड के कथित गबन और कुछ अन्य संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। सिंघल 16 फरवरी, 2009 और 19 जुलाई, 2010 के बीच खूंटी के उपायुक्त (डीसी) के रूप में तैनात थे। ईडी ने कहा कि संपत्तियों में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल 'पल्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल', एक डायग्नोस्टिक सेंटर 'पल्स डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर' और रांची में स्थित दो भूखंड शामिल हैं।

जांच एजेंसी ने कहा कि ईडी ने झारखंड पुलिस और सतर्कता ब्यूरो झारखंड द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों के आधार पर सिंघल के खिलाफ धनशोधन की जांच शुरू की थी। "जांच से पता चला है कि मनरेगा घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय कमीशन के रूप में पूजा सिंघल और उनके रिश्तेदारों के विभिन्न बैंक खातों में जमा की गई थी। ईडी ने एक बयान में कहा, उक्त पीओसी को पूजा सिंघल द्वारा अर्जित अन्य बेहिसाब धन के साथ मिश्रित और स्तरित किया गया था।

प्रारंभ में केवल मनरेगा घोटाले से पीओसी उत्पन्न किया गया था, जिसे बाद में पूजा सिंघल की भ्रष्ट प्रथाओं से उत्पन्न अन्य बेहिसाब निधि के साथ मिला दिया गया था और इन निधियों को पूंजी/निवेश के रूप में लगाया गया था और इन निधियों से वैध लाभ के साथ-साथ आगे की धनराशि उत्पन्न की गई थी।

## गुजरात में पहले चरण में 59.96 फीसदी मतदान

**अहमदाबाद.** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया। चुनाव आयोग ने बताया कि पहले चरण में शाम पांच बजे तक 59.96% वोटिंग हुई। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि 19 जिलों की 89 सीटों के लिए 788 उम्मीदवारों के बीच मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और यह शाम पांच बजे तक 14,382 मतदान केंद्रों पर चला।

नर्मदा में सबसे ज्यादा 73.02 फीसदी और पोरबंदर में सबसे कम 53.84 फीसदी मतदान हुआ है। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस ने चुनाव आयोग को एक शिकायत सौंपी जिसमें कहा गया कि कम से कम 50 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) काम नहीं कर रही हैं, जो ज्यादातर राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में हैं।

## राज्य में ब्रेन स्ट्रोक के मरीज़ों का होगा मुफ़्त इलाज : चेतन सिंह जौड़ामाजरा



**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार द्वारा पंजाब के निवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सहूलतें उपलब्ध करवाने के मंतव्य को मुख्य रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा की तरफ से चंडीगढ़ स्थित स्वास्थ्य विभाग के डायरैक्टर दफ़्तर में आयोजित एक दिवसीय कपैसिटी बिल्डिग कम ट्रेनिंग वर्कशाप में मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य के 23 ज़िला अस्पतालों और 03 मैडीकल कॉलेजों फरीदकोट, अमृतसर साहिब और पटियाला में स्ट्रोक रैडी यूनिट स्थापित किये जा रहे हैं। इन यूनिटों में दिमाग़ी दौरा या ब्रेन स्ट्रोक वाले मरीज़ों का तुरंत इलाज किया जायेगा। पंजाब में हाइपरटेंशन जिसको कि आम भाषा में ब्लड प्रेशर बढ़ना भी कहा जाता है, के मरीज़ों की संख्या बहुत ज़्यादा है और इन मरीज़ों में से 50 प्रतिशत मरीज़ों को पता भी नहीं होता कि उनको हाइपरटेंशन है। उन्होंने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक, हाइपरटेंशन के कारण होने वाली एक बहुत ही गंभीर और घातक स्थिति है, जिस कारण हर 30 मिनट में एक मरीज़ की मौत हो जाती है। इसके इलावा इस बीमारी के कारण मरीज़ का शरीर भी लकवाग्रसत हो सकता है। जौड़ामाजरा ने कहा कि अब तक गरीब लोगों के लिए इस बीमारी का इलाज उनकी पहुँच से बाहर था और अब इन स्थापित किये जा रहे यूनिटों में लगभग 30000/- रुपए तक के मूल्य का टीका बिल्कुल मुफ़्त लगाया जायेगा और मरीज़ का सीटी स्कैन भी मुफ़्त किया जायेगा।

# स्वच्छ भारत मिशन पंजाब में पूरी तरह फेल

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

### आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी स्वच्छता को तरस रहे लोग








• जालंधर-पानीपत नेशनल हाईवे पर और फगवाड़ा में लवली यूनीवर्सिटी के साथ लगते गांव चहेड़ू में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर।

भारत में सबसे ज्यादा लोगों की मौत गंदगी की वजह से होती है। जिसका मुख्य कारण केंद्र की स्वच्छ भारत योजना की राज्य सरकारों द्वारा अनदेखी करना है। राज्य सरकार स्वच्छता के मामले में पूरी तरह से फेल साबित हो रही है।

निकाय विभाग द्वारा स्वच्छ भारत योजना को जमीनी स्तर पर लागू करवाना था जो कि सीधा

**पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को जवाबदेह है, परन्तु ऐसा देखा जा रहा है किसी को पर्यावरण की स्वच्छता की परवाह नहीं है।

राज्यों के प्रदूषण विभाग हमेशा वातावरण को प्रदूषित करने के लिए किसानों को दोष देते रहते हैं जिसका हवाला क्वालिटी एयर इंडेक्स के माध्यम से समाचार पत्रों व सोशल मीडिया में दिया जाता है। धुएं की वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है, लेकिन किसान पराली को न जलाए इसका समाधान किसानों को नहीं दिया गया, और जिसका समाधान है उसको प्रदूषण विभाग के भ्रष्ट अफसर, नगर निगम से लागू करवाने में विफल साबित हो रहे हैं। तंग आकर शहरों और गांवों में रोज़ किसी न किसी इलाका निवासियों द्वारा खुले में कूड़ा फेंकने को लेकर धरना दिया जा रहा है। नगर निगम के अफसरों को बदनामी से डर नहीं लगता परन्तु इनके भी गुरु प्रदूषण कंट्रोल विभाग के अफसर हैं जिनका ध्यान उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) की एवज में मोटे पैसे ऐंठने की तरफ लगा रहता है जो कि सरकार को करोड़ों रुपए अदा करके भी इनके दफ्तरों के चक्कर काटते हैं।

गौरतलब है कि शहरों और गांवों में बढ़ रही गंदगी के कारण पल रहे डेंगू मच्छर व बीमारियों की रोकथाम के कार्यों पर ध्यान न देकर जहां से इन भ्रष्ट अफसरों को काली कमाई हो रही हो, उन्हीं कामों में लगे रहना इनका पसंदीदा काम हो गया है जिससे न सिर्फ इलाकावासी परेशान हैं बल्कि पूरे शहर का ही बेड़ा गर्क हो रहा है। सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 कानून को प्रदूषण विभाग नगर निगम से लागू करवाने में पूरी तरह फेल साबित हुआ है। समय रहते अगर अफसरों ने अपने रवैये को नहीं बदला और कूड़े का कोई उचित समाधान नहीं किया गया तो दिल्ली जैसे कूड़े का पहाड़ बनते देर नहीं लगेगी।

WINTER FESTIVAL

India

# बेहद खूबसूरत होते हैं भारत के ये विंटर फेस्टिवल, एक बार जरूर करें यहां विजिट

सर्दियों का मौसम एक अलग खुशी के साथ आता है। इस सीजन में भारत की अलग-अलग जगहों पर विंटर फेस्टिवल मनाया जाता है। ऐसे में आपको एक बार इन जगहों का रुख करना चाहिए।



• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

भारत में पूरे साल कई त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन वहीं सर्दियों का मौसम पूरे अपने साथ कई खूबसूरत और रंगीन त्योहारों को लेकर आता है। इसमें से सबसे ज्यादा फेमस है ऊंट फेस्टिवल, माघ बिहू, जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल और कच्छ रण महोत्सव। यहां सर्दियों में भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहें हैं जो विंटर फेस्टिवल के लिए फेमस हैं।

### √ जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल, राजस्थान

अगर आप राजस्थान के पारंपरिक डेजर्ट लाइफ का अनुभव करना चाहते हैं, तो जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल देखने जरूर जाएं। ये हर साल फरवरी के महीने में शुरू होता है और तीन दिनों तक रहता है। इस जगह के कारण आपको रेगिस्तानी जहाज कई प्रकार के आकार में दिखाई देगा। आप ऊंट की सजावट, फर काटने और ऊंट पोलो का आनंद ले सकते हैं। इसमें एक बैंड के साथ ऊंट जिम्नास्टिक और ऊंट डांस भी शामिल है। राजस्थान के संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आपके मन को खुश कर देगा।

### √ मनाली विंटर फेस्टिवल, हिमाचल प्रदेश

जनवरी में भारत में आयोजित एक और उत्सव मनाली का विंटर कार्निवल है। यह हिमाचली संस्कृति का उत्सव है जो पहली बार 1977 में आयोजित किया गया था। मनाली के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों में से एक सोलांग घाटी है, जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग जैसे विंटर गेम्स में भाग लिया जा सकता है।

### √ हॉर्नबिल फेस्टिवल, नागालैंड

हॉर्नबिल महोत्सव भारतीय राज्य नागालैंड में 1 से 10 दिसंबर तक मनाया जाने वाला सालाना त्योहार है। इस त्योहार के लिए नागालैंड की जनजातियां हर दिसंबर में एक साथ मिलती हैं। ये त्योहार कला, संगीत, शिल्प और संस्कृति के प्रदर्शन को देखते हुए दुनिया भर से भीड़ को अपनी ओर आकर्षित करता है।

### √ रण उत्सव, गुजरात

भारत के सबसे फेमस विंटर फेस्टिवल में से एक, रण उत्सव गुजरात के कच्छ जिले के सफेद रेगिस्तान में हर साल आयोजित किया जाता है। ये दुनिया के सबसे बड़े नमक रेगिस्तानों में से एक, कच्छ का रण गुजरात में एक दर्शनीय स्थल है। इस साल यह उत्सव 1 फरवरी से 20 फरवरी तक मनाया जाएगा। तीन महीने तक चलने वाले त्योहार के दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत प्रदर्शन, हस्तकला, खाने की दुकानों, ऊंट की सवारी और साहसिक खेलों का मजा उठाया जा सकता है।



FASHION+

## सर्दियों के मौसम में दिखना चाहती हैं सबसे ज्यादा स्टाइलिश

सर्दियों के मौसम में कपकपाती ठंड से बचने के चक्कर में स्टाइलिश दिखना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इन चीजों से वॉर्डरोब अपडेट करें।



सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। इस ठिठुरती सर्दी से बचने के लिए काफी सारे गर्म कपड़े पहनने पड़ते हैं। ऐसे में मौसम के साथ-साथ अपने स्टाइलिंग के तरीके को बदलना जरूरी होता है। अब सर्दी के मौसम में स्टाइलिश दिखने के लिए आपको अपनी वॉर्डरोब अपडेट करनी चाहिए। यहां बता रहे हैं सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिखने की टिप्स-



### √ बेसिक थर्मल से करें शुरूआत

सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिखने के साथ ही खुद को गर्म रखना जरूरी है। ऐसे में खुद को गर्म रखने का सबसे आसान तरीका है कि लेयरिंग करें। और शुरूआत बेसिक थर्मल से करें। इसे पहनने के बाद आप कुछ भी नॉर्मल पहन सकते हैं। अपनी जींस या पैंट के नीचे भी बेसिक थर्मल को पहनें।

### √ सही विंटर जैकेट पहनें

सर्दियों में दूसरी सबसे जरूरी चीज है एक बेहतरीन गर्म जैकेट। लेकिन अक्सर, ये जैकेट स्टाइलिश दिखने के बजाय ये बड़े आकार के भारी और आकारहीन होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह डाउन जैकेट है या फ्लफी। एक बेल्ट आपकी कमर को अच्छी शेप दे सकती है। अपनी जैकेट को एक बेल्ट के साथ स्टाइल करें।



### √ सही जूलरी को चुनें

कपड़ों के साथ ही सही एक्सेसरी का होना जरूरी है। एक्सेसरी की मदद से आपकी पर्सनेलिटी काफी हद तक उभर कर सामने आती है। इसी के साथ आपका लुक भी काफी हद तक अकर्षित हो जाता है।

### √ स्कर्ट और ड्रेसिंग को करें कैरी

जी हां, सर्दियों के मौसम में भी आप स्कर्ट और ड्रेस को पहन सकते हैं। बस आपको इसके लिए करना ये है कि आप टाइट्स को पहन सकते हैं। इसके लिए न्यूड रंग के टाइट्स को चुन सकते हैं।



## टेस्टी रेसिपी : शाम को नाश्ते में परोसें चटपटी इड़ली चाट

आज हम आपके लिए लेकर आए हैं चाट की एक नई और लाजवाब रेसिपी, जिसका नाम है इड़ली चाट। इडली चाट न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होती है बल्कि इसे बनाना भी बहुत ही आसान है।



भारत में चाट की ढेरों वैराइटी देखने को मिलती है जिनमें आलू चाट, शकरकंदी चाट, पापड़ी चाट और भल्ला पापड़ी शामिल हैं, ये सभी चाट खाने में बहुत ही मजेदार लगती हैं। लेकिन आज हम आपके लिए लेकर आए हैं चाट की एक नई और लाजवाब रेसिपी, जिसका नाम है इड़ली चाट। इडली चाट न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होती है बल्कि इसे बनाना भी बहुत ही आसान है। आइए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है ये चटपटी चाट रेसिपी इड़ली चाट।


**इडली की चाट बनाने के लिए सामग्री-**

- इडली- 6-7
- मीठी चटनी- 1-2
- हरा चटनी- 1-2
- लाल मिर्च पाउडर- 1/4 चम्मच
- जीरा पाउडर- 1 चम्मच
- चाट मस्साला- 1/4 चम्मच
- दही- 3-4 चम्मच
- प्याज- 1
- टमाटर- 1
- धनिया पत्ते- 1चम्मच (बारीक़ कटा हुआ)
- सेव- 1/2 कप
- काला नमक- स्वादानुसार
- तेल- अवश्यकतानुसार

**इडली की चाट बनाने की विधि-**

घर पर इडली की चटपटी चाट बनाने के लिए आप सबसे पहले प्याज और टमाटर को बारीक काट लें। इसके बाद इडली को भी छोटे टुकडो में काटकर एक अलग प्लेट में रख लें। अब एक पैन में 2 चम्मच तेल डालकर गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए तो आप उसमें इडली के कटे हुई पीस डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक भूनें। इडली के पकने के बाद आप उसे एक प्लेट में निकाल लें। उसके बाद इडली के ऊपर दही, बारीक कटा हुआ प्याज़ और टमाटर डालें, ठीक उसी तरह जिस तरह पापड़ी चाट बनाते हैं। अब इसके ऊपर मीठी चटनी, हरी चटनी एक के बाद एक डालकर ऊपर से लाल मिर्च पाउडर, काला नमक, जीरा पाउडर, चाट मसाला,सेव और धनिया पत्ते डालकर गार्निश करें। आपकी चटपटी इडली की चाट बनकर तैयार है।

## क्या आपके बच्चे हो रहे हैं आपसे दूर



हर पेरेंट की कोशिश रहती है कि उनके बच्चों से उनकी अच्छी बॉन्डिग हो, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही बच्चे अपने पेरेंट से दूर होते चले जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप शुरुआत में ही कुछ संकेतों से समझ जाएं कि बच्चे आपसे दूर हो रहे हैं। यह बात सही है कि टीनएज में बच्चे एक अपनी एक नई दुनिया डिस्कवर करते हैं लेकिन फिर भी आपको उनसे अच्छा कनेक्शन बनाना ही चाहिए।

PARENTS & KIDS

**आपसे बात करने से बचना :** आमतौर पर बच्चों के मन में जब पेरेंट को लेकर कोई नाराजगी होती है, तो वे पेरेंट से बात करने से बचने लग जाते हैं। पेरेंट जब भी उनसे बात करने की कोशिश करते हैं, तो वे कोई न कोई बहाना बना लेते हैं।

**चुप रहना :** बच्चे अक्सर घर में चुप रहने लग जाते हैं। कितनी भी कोशिशें कर लें लेकिन वे पेरेंट से कुछ नहीं बोलते। घर में उनका होना भी न होने जैसा लगता है। पेरेंट को उनकी चुप्पी का मतलब जरूर जानना चाहिए।

**आपसे कोई बात शेयर न करना :** बच्चों और पेरेंट के बीच अच्छी बॉन्डिग बातें शेयर करने से भी होती है। आपके बच्चे अगर आपके साथ कोई भी बात शेयर नहीं करते, तो समझ जाएं कि आपके बच्चे आपसे ज्यादा करीब नहीं हैं।

**आपसे चीजें छुपाना :** प्राइवेसी एक अलग बात है लेकिन अगर बच्चे आपसे छोटी-छोटी चीजें भी छुपाने लगे हैं, तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपके बच्चे आपसे कोई भी चीज शेयर नहीं करना चाहिए। वे आपको फ्रेंड की तरह नहीं देखते।

## ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके मोटापे को रखती है दूर सौंफ की चाय

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ




अगर अजवाइन के साथ किया जाए तो यह कोल्ड और कफ के लक्षणों से राहत देने में मदद करती है।

रसोई में इस्तेमाल की जाने वाली छोटी सी सौंफ आपकी सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में आपकी मदद कर सकती हैं। इसका नियमित सेवन आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ आपको एनीमिया, अपच, पेट फूलना, कब्ज, दस्त और पीरियड्स में होने वाले दर्द से छुटकारा दिलाता है। सौंफ में मौजूद पोटैशियम, मैंगनीज, जिंक, आयरन, कॉपर जैसे मिनरल्स के अलावा एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण पेट के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। ये शरीर को अंदर से ठंडा रखते हुए एसिडिटी, शरीर की दुर्गंध और सांसों की बदबू जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करती हैं। इतना ही नहीं सौंफ का सेवन अगर अजवाइन के साथ किया जाए तो यह कोल्ड और कफ के लक्षणों से राहत देने में मदद करती है। ऐसे में आइए जानते हैं सौंफ की चाय पीने से सेहत को मिलते हैं कौन से फायदे और क्या है इसे बनाने की सही तरीका।

### सौंफ की चाय पीने के फायदे-

### वेट लॉस में मददगार-

सौंफ की चाय पाचन को बढ़ावा देकर आपकी भूख को कम करती है। जिससे आपको अपनी वेट लॉस जर्नी को पूरा करने और लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलती है।

### पीरियड्स में दर्द करें कम-

सौंफ की गर्म चाय पीने से पीरियड्स में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। पीरियड्स के दौरान होने वाली पेट में ऐंठन से राहत पाने के लिए 1 कप सौंफ की चाय पी सकते हैं। इसके अलावा सौंफ की चाय में मौजूद मैग्नीशियम की वजह से यह आपकी नींद में भी सुधार करके अनिद्रा की समस्या को दूर करती है।

### हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को करें कंट्रोल-

सौंफ की चाय ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार है। सौंफ में पोटैशियम होता है, जो बीपी को कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं अध्ययनों की मानें तो सौंफ ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मदद करती है।

### डिहाइड्रेशन-

गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सौंफ की चाय काफी मददगार हो सकती है। सौंफ में कूलिंग और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, जो शरीर को ठंडा रखने के साथ हाइड्रेट भी रखते हैं।

### कॉलेस्ट्रॉल कंट्रोल करे-

सौंफ की चाय फाइबर से भरपूर होती है, जो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में फायदेमंद है। सौंफ की चाय में मौजूद फाइबर, कोलेस्ट्रॉल को खून में घुलने से रोकता है। जिसकी वजह से व्यक्ति का कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल रहता है और वो दिल से जुड़ी बीमारियों से भी दूर रहता है।

### सौंफ की चाय बनाने के लिए अपनाएं ये तरीका-

सौंफ की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में 1 कप पानी गर्म करके उसमें 1 चम्मच सौंफ के बीज डालें। ध्यान रखें, इस पानी को उबालना नहीं है क्योंकि यह सारा पोषण छीन लेगा। इस पानी में सौंफ डालकर उसे आंच से उतारें और प्लेट से ढककर रखें। सौंफ डालते ही यह पानी पीले रंग की चाय में बदल जाएगा। इस पानी को दिन में 2 बार पिएं।

# चंडीगढ़ में गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

## संविधान देश का सर्वोच्च कानून है और कोई भी निकाय संविधान से ऊपर नहीं : डॉ बलराम गुप्ता






**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ ने गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 18, चंडीगढ़ में एक एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय संविधान दिवस था। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाने का प्रतीक है।

जिला कानूनी प्राधिकरण, चंडीगढ़ से नील रॉबर्ट और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के विधि विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ बलराम गुप्ता सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल राजबाला भी उपस्थित थीं।

नील रॉबर्ट ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सभी को मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार देती है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज में कमजोर वर्गों और आर्थिक रूप से असहाय नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त कानूनी सेवा और सलाह प्रदान करता है।

डॉ बलराम गुप्ता ने संविधान के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "संविधान देश का सर्वोच्च कानून है और कोई भी निकाय संविधान से ऊपर नहीं है। संविधान हमें हमारी पहचान देता है।"

कार्यक्रम की शुरुआत सीबीसी चंडीगढ़ के कलाकारों के कार्यक्रम से हुई। कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्राचार्य राजबाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संगीता जोशी, सहायक निदेशक, सीबीसी चंडीगढ़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, पंचकूला ने मनाया "संविधान दिवस"



**• जालंधर ब्रीज.** पंचकूला

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), पंचकूला ने 26 नवंबर को कैंपस परिसर में संविधान दिवस मनाया।

इस अवसर पर, उत्सव के एक अनिवार्य भाग के रूप में, निफ्ट पंचकुला के निदेशक, प्रो.डॉ. अमनदीप सिंह ग्रोवर ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है और हमें इनका प्रयोग करना चाहिए। समारोह में कॉलेज के छात्र-छात्राएं, फैकल्टी मेंबर्स और स्टाफ ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर "भारत के संविधान के मूल्य और बुनियादी सिद्धांत" विषय पर एक वार्ता आयोजित की गई। सुश्री खुशनुमा ग्रेवाल, जो संविधान दिवस पर वक्ताओं में से एक थीं, ने संविधान दिवस के महत्व पर जोर दिया और कहा कि कोई भी भारतीय नागरिक जो मौलिक अधिकारों से वंचित है, अब बिना किसी वित्तीय प्रभाव के ईमेल के माध्यम से न्यायपालिका से संपर्क कर सकता है।

एडवोकेट मनिंदर सिंह पंढेर ने सत्र लिया और सोने के अधिकार और चुप रहने के अधिकार जैसी संविधान की कई रोचक बातें बताईं।

समारोह का समापन संयुक्त निदेशक श्री दीपक राणा ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। निफ्ट, पंचकुला के हरे-भरे बगीचे में संकाय और छात्रों के बीच एक क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया।

# पीपीएससी के चेयरमैन ने सीएजी चंडीगढ़ के स्वच्छता अभियान का उद्घाटन किया

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

लेखापरीक्षा दिवस के सप्ताह भर चलने वाले समारोह के अवसर पर, चंडीगढ़ में स्थित भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के विभिन्न फील्ड कार्यालयों के संरक्षण में आज ऑडिट पूल कॉलोनी, सेक्टर 41 और 42 और डिफेंस कॉलोनी, सेक्टर 32 में स्वच्छता अभियान आयोजित किया जा रहा है। .

जगबंस सिंह, चेयरमैन, पंजाब लोक सेवा आयोग ने एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का उद्घाटन किया और विभाग के कर्मचारियों से इसके आसपास और पर्यावरण का ध्यान रखने का आग्रह किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को गंदगी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान की सख्त जरूरत है और यह स्वास्थ्य और कल्याण के मामले में नागरिकों के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

नाज़ली जे शायिन, महालेखाकार (ऑडिट) पंजाब ने दोहराया कि इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के साथ




इसके जुड़ाव के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब हम कचरे का सही तरीके से निस्तारण करेंगे और कचरे को रिसाइकिल करेंगे तो इससे देश का समग्र विकास होगा।

अभियान के दौरान, जगबंस सिंह, अध्यक्ष, पंजाब लोक सेवा आयोग, नाज़ली जे शायिन, महालेखाकार (लेखापरीक्षा) पंजाब, शैलेंद्र विक्रम सिंह, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा और वेंकटनाथन प्रधान निदेशक रक्षा सेवाएं ने भी पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक पौधा लगाया।

पूर्व उप महापौर हरदीप सिंह, सेक्टर 41 के क्षेत्र पार्षद और जसबीर सिंह बंटी, सेक्टर 42 के क्षेत्र पार्षद भी स्वच्छता अभियान के दौरान अपने-अपने वार्ड में उपस्थित थे और उन्होंने हितधारकों को अपने और भविष्य की पीढ़ी के लिए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने की आवश्यकता से अवगत कराया।

कॉलोनी के कर्मचारियों और सेक्टरों के निवासियों ने इस अभियान में बहुत उत्साह के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया और आसपास के वातावरण को साफ किया। कॉलोनी में जगह-जगह सूखे व गीले कचरे के बीस डिब्बे भी रखे गए थे, ताकि लोग खुले में कूड़ा न डालें।

# बर्फ में दबे मिले 50 हजार साल पुराने 'जोम्बी वायरस', मानव जीवन के लिए बन सकते हैं खतरा



**• जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

जलवायु परिवर्तन कई तरीकों से इंसान के लिए संकट ला सकती है। एक ऐसा भी संकट है जिसका अभी लोगों को अंदेशा भी नहीं है। लंबे समय से बर्फ से ढके इलाकों में बर्फ पिघलने से कई ऐसे वायरस ऐक्टिव हो सकते हैं जो कि हजारों सालों से बर्फ में दबे हुए हैं। यूरोप के कुछ शोधकर्ता वैज्ञानिकों ने स्थायी तुषार क्षेत्र से साइबेरिया में सैंपल इकट्ठा किया। इसमें 13 नए तरीके के पैथोजेन्स पाए गए। इन्हें 'जोम्बी वायरस' भी कहा जा सकता है। शोध में पाया गया कि ये वायरस हजारों सालों से बर्फ में दबे हैं बावजूद इसके ऐक्टिव हैं और इन्फेक्शन फैलाने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिक पहले भी आगाह कर चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन और बर्फ पिघलने से कई खतरनाक गैसें निकल सकती हैं जो कि मानव जीवन को खतरे में डालने के लिए काफी हैं। हालांकि अब तक जोम्बी वायरस के खतरे पर ज्यादा बात नहीं की गई है। रूस, जर्मनी और फ्रांस के वैज्ञानिकों की टीम ने कहा कि अभी जो वायरस मिले हैं उनसे ज्यादा खतरा नहीं है। वे अमीबा माइक्रोब्स को इन्फेक्ट करने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर वायरस फिर से सक्रिय होते हैं तो वे मानव और जानवरों को भी संक्रमित कर सकते है। अभी इस बारे में शोधकार्य किया जाना है। BioRxiv नाम की रिपोजिटरी में छपे आर्टिकल में कहा गया है कि बर्फ में दबे हुए ये वायरस काफी पुराने हैं। हालांकि बाहरी माहौल में आने के बाद ये वायरस किस तरह सक्रिय होंगे और किस तरह का संक्रमण करेंगे, इसकी जानकारी अभी नहीं है।

आर्टिकल में आगाह किया गया है कि जलवायु परिवर्तन से जब ग्लेशियर पिघलेंगे और ठंडे क्षेत्र गर्म होने लगेंगे तब बहुत सारी गैसें और वायरस निकल सकते हैं जो कि मानव के लिए खतरा बन जाएंगे।

# भारत-चीन संबंधों में दखलंदाजी ना करे अमेरिका, ड्रैगन ने पेंटागन को चेताया

*गलवान घाटी संघर्ष के बाद भारत और चीन के संबंध काफी खराब हुए हैं। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी भी संबंध पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं।*

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

गलवान घाटी संघर्ष के बाद भारत और चीन के संबंध काफी खराब हुए हैं। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी भी संबंध पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। अमेरिका लगातार यह बात दोहराता रहता है कि दोनों देशों के संबंधों पर उसकी नजर है। इस बीच पेंटागन ने अमेरिकी कांग्रेस को अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने अमेरिकी अधिकारियों को भारत के साथ उसके संबंधों में दखलअंदाजी न करने की चेतावनी दी है।

पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत के साथ अपने गतिरोध के दौरान चीनी अधिकारियों ने संकट की गंभीरता को कम करने की कोशिश की है। रिपोर्ट में एलएसी की स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया गया है।

पेंटागन ने चीनी सैन्य निर्माण पर अपनी नई रिपोर्ट में कहा, "पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ



चाइना भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका को नजदीक आने से रोकने के लिए इस तरह का हथकंडा अपना रहा है। वह भारत को रोकने के लिए सीमा पर तनाव चाहता है। पीआरसी अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ चीन के संबंधों में हस्तक्षेप न करें।" पेंटागन ने कहा कि 2021 में पीएलए ने भारत-चीना सीमा पर एक एक हिस्से में अपने सैनिकों की तैनाती को बनाए रखा। साथ ही एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा। वार्ता के बाद भी कुछ खास प्रगति नहीं हुई। आपको बता दें कि मई 2020 की शुरुआत में भारतीय सेना और चीनी सैनिकों के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान दोनों देशों के कई सैनिकों की जान चली गई। इसके बाद दोनों देशों ने आधुनिक हथियारों के साथ अपने-अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी।

रिपोर्ट में कहा, "दोनों देशों ने एक-दूसरे से सेना को वापस लेने और गतिरोध से पहले की स्थिति में लौटने की मांग की, लेकिन न तो चीन और न ही भारत उन शर्तों पर सहमत हुआ।"

अमेरिका ने कहा है कि 2020 की झड़प के बाद से PLA ने लगातार सैनिकों की उपस्थिति को बनाए रखा। साथ ही एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा है।

# जनता की अध्यक्षता: क्यों जी20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है?

**जालंधर ब्रीज. विचार**

**अमिताभ कांत**

लेखक भारत सरकार के जी20 शेरपा हैं। वे नीति आयोग के पूर्व सीईओ हैं।



भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने '20 का समूह' (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह,दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।

आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है।

जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौक़ा है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा "समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख" होने की है।

जी20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है, जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी व्यापक प्रभावों के बीच कोविड-19 महामारी ने हमारी प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, भारत की अध्यक्षता के एजेंडे के लिए जलवायु कार्रवाई एक विशिष्ट प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए ऊर्जा स्रोतों में न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करना भी शामिल है। भारत के सामने बिना कार्बन उत्सर्जन किये औद्योगीकरण करने की अनोखी चुनौती है। भारत हरित हाइड्रोजन का व्यापक विस्तार कर रहा है और देश ने 2047 तक 25 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी का निर्यातक बना सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन उद्योग, समाज और अन्य क्षेत्रों को समान रूप से प्रभावित करता है, भारत ने दुनिया के सामने 'लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट; पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) का विकल्प रखा है - एक व्यवहार-आधारित आंदोलन, जो हमारे देश की समृद्ध व प्राचीन सतत परंपराओं पर आधारित है तथा जो उपभोक्ताओं और बाजार को पर्यावरण के प्रति जागरूक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए से प्रेरित करती है।

कोविड-19 महामारी ने विकास से जुड़ी प्रगति को वर्षों पीछे धकेल दिया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अधिक आवश्यक सार्वजनिक-स्वास्थ्य और खाद्य संकटों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पृष्ठभूमि में रख दिया है। राष्ट्राध्यक्षों के समूह के रूप में, जी20 को एसडीजी हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और तीव्र करना चाहिए - जो लोगों के लिए एक बेहतर, स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध विश्व का वादा करते हैं। वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए, विश्व को समसामयिक संस्थानों की आवश्यकता है, जो विविधतापूर्ण व आगे बढ़ती हुई दुनिया की आधुनिक वास्तविकताओं को न्यायसंगत और प्रभावी रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम हों। भारत की जी20 प्राथमिकता 'सुधार के साथ बहुपक्षवाद' के प्रति दबाव बनाये रखने की होगी, जो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अधिक उत्तरदायी और समावेशी बनाते हैं। भारत सरकार सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है।

जी20 की अध्यक्षता, भारत को अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करने का अवसर देती है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी प्रणाली (आधार) को सफलतापूर्वक लागू करने और 2014 तथा 2022 के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण में 50 गुनी वृद्धि के साथ, भारत डिजिटल सार्वजनिक हितों और विकास के लिए डेटा के उपयोग के संबंध में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने की केन्द्रीय स्थिति में है। अक्टूबर 2022 में, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने 7 बिलियन लेनदेन पूरे किये - एक दिन में 230 मिलियन लेनदेन के बराबर - जो दर्शाता है कि इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेश मॉडल को शुरू करना और सफलतापूर्वक लागू करना भी संभव है। जी20 नेतृत्व प्रदान करने के साथ, भारत प्रौद्योगिकी के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अपने विश्वास को आगे बढ़ा सकता है और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना, वित्तीय समावेश तथा तकनीक-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों समेत कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्रों में अधिक से अधिक ज्ञान-साझाकरण की सुविधा प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से, भारत के जेएएम ट्रिनिटी जैसे वित्तीय समावेश के कार्यक्रमों ने देश की महिलाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे वे अपने घरों के निर्णय लेने में सक्रिय भागीदार बन गयी हैं - 56 प्रतिशत बैंक खाताधारक अब महिलाएं हैं, पहले 23 करोड़ महिलाओं को बैंक-सुविधा नहीं थी, लेकिन अब उनके पास बैंकों में अपने खाते हैं।

2023 भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक स्वर्णिम वर्ष सिद्ध होने वाला है, लेकिन नीतिगत फ्रेमवर्क को सर्वसम्मति से अंतिम रूप देने का कार्यादेश आसान नहीं है। विश्व व्यवस्था का तेजी से ध्रुवीकरण हो रहा है, रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ व्यापक विकास एजेंडा कमजोर हो रहा है; दुनिया की महाशक्तियों के बीच भू-राजनीतिक संबंध अधिक तनावपूर्ण हो रहे हैं - इन सबके बीच राष्ट्र को जी20 की अध्यक्षता मिल रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आसन्न मंदी और अब तक के सबसे अधिक वैश्विक-ऋण को लेकर आशंकित है और कई देश कमजोर होती खाद्य सुरक्षा और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं का सामना कर रहे हैं।

इस माहौल में, भारत के पास एकता और सद्भाव के सूत्रधार के रूप में उभरने का अवसर है। बाली में 20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जी20 विज्ञप्ति के मसौदे पर आम सहमति बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री के शब्द "आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए" सीधे राजनेताओं के घोषणापत्र में परिलक्षित हुए, जो निर्णय गतिरोध को तोड़ने में सफल हुआ और जिससे शांति के पक्षधर के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई। चूँकि शक्ति के पुराने केंद्र; गुणात्मक आर्थिक और सामाजिक विकास वाले युवा, जीवंत राष्ट्रों को जवाबदेही सौंप देते हैं, इसलिए भारत की महत्वाकांक्षी व कार्रवाई-उन्मुख अध्यक्षता में इस उच्च-स्तरीय गठबंधन को, विकासशील तथा अल्प-विकसित देशों के हितों और जरूरतों के अनुरूप, तैयार किया जा सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेगा, यह याद रखते हुए कि हमारे प्रयास "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए।

# पंजाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों द्वारा साफ किए पानी का सिंचाई के लिए किया जाएगा इस्तेमाल

## कैबिनेट मंत्री मीत हेयर ने फगवाड़ा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/फगवाड़ा





कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य भर में 2600 एम.एल.डी. की क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के द्वारा साफ़ किए गए पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल का प्रबंध करेगी, जिससे भूजल को बचाया जा सके। मीत हेयर जिनके पास पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्यौगिकी का विभाग भी है, आज फगवाड़ा में 28 एम.एल.डी. की क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा साफ़ किए जाने वाले पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल किए जाने की विधि का जायज़ा ले रहे थे। उन्होंने कहा कि फगवाड़ा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा साफ़ किए गए पानी को 11 किलोमीटर लम्बी पाईप लाईन के द्वारा पास के गाँवों के किसानों द्वारा 1000 एकड़ में सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे 7500 मिलियन लीटर भूजल को बचाया जा सका है।

हेयर ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीवरेज बोर्ड, भूमि रक्षा और जल संरक्षण और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को कहा कि वह राज्य भर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के द्वारा साफ़ किए गए पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने संबंधी व्यापक योजना बनाएँ।

उन्होंने कहा कि फगवाड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जोकि नेशनल वॉटर मिशन अवॉर्ड भी प्राप्त कर चुका है, की तजऱ् पर सभी ट्रीटमेंट प्लांटों के पानी को पाईपों के द्वारा खेतों तक पहुँचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस महत्वाकांक्षी प्रोजैक्ट को पहल के आधार पर पूरा करेगी, क्योंकि इससे राज्य के डार्क जोन में जा चुके ब्लॉकों के अंदर भूजल को और नीचे जाने से रोका जा सकेगा।

# 8 दिसंबर को गुजरात में होगा चमत्कार : भगवंत मान

## बोले- अब भाजपा के चक्कर में नहीं पड़ने वाले गुजराती, बदलाव के लिए करेंगे वोट

जालंधर ब्रीज.अहमदाबाद/चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा 8 दिसंबर को गुजरात में चमत्कार होगा। गुजरात में हर जगह परिवर्तन की लहर चल रही है और हर लहर आम आदमी पार्टी के पक्ष में है। मान ने कहा कि इस बार गुजरात की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी और 27 साल के उसके किले को ध्वस्त कर देगी। इस चुनाव में नेता हारेंगे और जनता जीतेगी। भाजपा के बड़े-बड़े नेता इस बार बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। मान ने कहा कि गुजरात के लोगों को अब भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार की नहीं, आम आदमी पार्टी की नई इंजन वाली सरकार चाहिए। भाजपा के दोनों इंजन अब पुराने हो चुके हैं। वीरवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा एवं हरभजन सिंह ने अहमदाबाद में विभिन्न जगहों पर रोड शो कर आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। मान ने कहा कि भाजपा वाले लोगों को पैसे का लोभ लालच दे रहे हैं, लेकिन इस बार उनके चक्कर लोग फंसने वाले नहीं है। इस बार लोग अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए वोट करेंगे।

मान ने पंजाब और दिल्ली की 'आप' सरकार का जिक्र किया और कहा कि हमने पंजाब और दिल्ली में आम लोगों के लिए बिजली मुफ्त की। बेहतर इलाज के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले। पंजाब में हमने सरकार बनने के मात्र 6 महीने के भीतर 20,000 से ज्यादा नौजवानों को सरकारी नौकरी दी और करीब 10,000 कच्चे कर्मचारियों की नौकरी पक्की कर दी। वहीं दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने पिछले 7 साल में करीब 12 लाख लोगों को रोजगार दिए। गुजरात में भी आम आदमी पार्टी को एक मौका दें। हम यहां भी ये सब करके दिखाएंगे। आप सुप्रीमो केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी को वोट देने से आपको बिजली, पानी शिक्षा और सेहत सुविधाएं मुफ्त मिलेगी। वहीं भाजपा को वोट देने से आपको बेरोजगारी और महंगाई मिलेगी।

# भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर डिजिटल मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा कुरुक्षेत्र मे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आयोजित चार दिवसीय डिजिटल मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक राजिंदर चौधरी, ने भारत सरकार की योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का फीता काटकर कर उद्धघाटन किया। चौधरी ने बताया की ये प्रदर्शनी सरकार की पिछले साढ़े आठ साल की विभिन्न उपलब्धियों को डिजिटल एवं अन्य माध्यमों से प्रदर्शित करेगी। यह प्रदर्शनी 29 नवंबर से 02 दिसंबर 2022 तक आम जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ना केवल जानकारी देगी बल्कि सभी योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करेगी। यह प्रदर्शनी न केवल फोटो / डिजिटल पैनल के माध्यम से जानकारी देगी बल्कि प्रदर्शनी के दौरान विभागीय कलाकारों द्वारा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक एवम रंगारंग कार्यक्रमों लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराएगी।

इस अवसर पर सीबीसी के अतिरिक्त महानिदेशक राजेंद्र चौधरी ने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति एवम् हरियाणा सरकार के सहयोगी विभागों का आभार जताया और बताया की केंद्रीय संचार ब्यूरो इस तरह के जन जागरूकता कार्यक्रम समय-समय इसी प्रकार जागरूकता कार्यक्रम हरियाणा, पंजाब चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश मे भी करवाता रहता है।

इस अवसर केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ के निदेशक विवेक वैभव, सह निदेशक हर्षित नारंग, बलजीत सिंह और कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के कई आला अधिकारी भी मौजूद रहें।

# अंतर राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को मलोट में होगा राज्य स्तरीय समागम



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब सरकार की तरफ से अंतर राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को मलोट (ज़िला श्री मुक्तसर साहिब) में राज्य स्तरीय समागम के तौर पर मनाया जा रहा है। इस समागम में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर बतौर मुख्य मेहमान शामिल होंगे। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के डायरैक्टर माधवी कटारिया ने जानकारी देते हुये बताया कि पंजाब के सभी जिलों में 3 दिसंबर को अंतर राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस और राज्य स्तरीय समागम मलोट में मनाया जा रहा है। पंजाब सरकार दिव्यांग वर्ग का जीवन समर्थ बनाने के लिए इसी दिन मलोट (श्री मुक्तसर साहिब), संगरूर, मानसा और बरनाला जिलों में बैंक कर्ज़े मुहैया करवाने सम्बन्धी कैंप भी लगाने जा रही है।

इस समागम के अवसर पर पंजाब के दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जायेगा। इस समागम में लगभग 18.63 लाख रुपए के 90 ट्रायसाईकल, 29 व्हीलचेयर, 16 हेअरिंग एडज़, 9 चलने के लिए छड़ियां, 7 स्मार्ट केन, सेरेब्रल पालसी चेयर और 78 बैसाखियां कुल 158 लाभार्थियों को मुहैया करवाई जाएंगी। दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाएं/ जत्थेबन्दियां भी इस समागम में विशेष के तौर पर शामिल होंगी।

# ग्रामीणों को पंचायतों के आम इजलासों में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया



• जालंधर ब्रीज.जालंधर

विधायक बलकार सिंह व डीसी जसप्रीत सिंह ने गांवों के संपूर्ण विकास के लिए 31 दिसंबर तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होने वाले आम इजलासों में ग्रामीणों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। आज ब्लॉक जालंधर वेस्ट के निज्जरां एवं गिल गांव में ग्राम पंचायतों के आम इजलासों में हिस्सा लेते हुए विधायक व डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत ग्राम पंचायतों की आम सभाएं गांव के लोगों की पूरी भागीदारी के साथ शुरू की गई हैं ताकि ग्रामीण अपने गांवों के विकास के लिए होने वाले महत्वपूर्ण फैसलों में सहभागी बन सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के आम इजलासों में आगामी वित्तीय वर्ष के आय-व्यय के बजट अनुमान के साथ-साथ विकास कार्यक्रमों की कार्ययोजना पारित की जाती है, जिसमें गांवों के लोगों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

विधायक बलकार सिंह ने ग्राम इजलास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम सभा सत्र के दौरान पारित प्रस्तावों और निर्धारित विकास कार्यों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा राज्य की जनता के कल्याण के लिए कई पहलकदमियां की गई है, जिसमें लोगों को हर बिल पर 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है और पहली बार 86 प्रतिशत घरों में बिजली का जीरो बिल आया है। राज्य सरकार द्वारा खोले गए आम आदमी क्लीनिकों को लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और 26 जनवरी 2023 से पहले ऐसे और क्लीनिक खोले जा रहे हैं।

# रूडसेट संस्थान स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देकर उद्दमी बनाने का नेक कार्य कर रहा है : नरजीत सिंह

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



केनरा बैंक व श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण संस्थान द्वारा प्रायोजित रूडसेट संस्थान, माडल हाउस जलंधर में माननीय नरजीत सिंह, प्रभागीय प्रबंधक, केनरा बैंक जालंधर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। पुरुष पार्लर सलून उद्यमी प्रबंधन के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पात्र वितरित किए। साथ ही वे उन सभी एवं पूर्व प्रशिक्षणार्थियों से परिचर्चा करते हुए सभी को प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक तरुण कुमार सेठी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि रूडसेट संस्थान की स्थापना ही स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण देकर देश में उधमिता को बढ़ावा देने के लिए हुआ है। संस्थान का परम उदेश्य है प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में स्वरोजगार के प्रति जोश ,जुनून एवं जज्बे को पैदा करना तथा इसके प्रति गलत धारणाओं को दूर करने की हर संभव कोशिश करना है। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को नये नये चुनौतियों से जुझने हेतु मनोवैज्ञानिक रुप से तैयार किया जाता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान किया कि आप सभी स्वरोजगार शुरू कर अपने साथ-साथ समाज, राज्य व देश के विकास में भागीदार बने। उन्होंने मुख्य अतिथि को बताया मोबाइल रिपेयर, रेफ्रिजरेटर ऐ. सी. रिपेयर, फैशन डिजाइनिंग, फास्ट फूड के कोर्स जल्द शुरू होने वाले हैं।

# हर योग्य लाभार्थी तक पहुंचाया जाएगा सरकारी योजना का लाभ : डीसी कोमल मित्तल

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर




डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने कहा कि जिले में हर योग्य लाभार्थी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य प्राथमिकता है कि जिला वासियों को हर सरकारी सुविधा समय पर मिले और दफ्तरों में कोई पैंडेंसी न रहे। वे आज बतौर डिप्टी कमिश्नर पहली बार पत्रकारों के साथ औपचारिक भेंट के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ जिला लोक संपर्क अधिकारी हरदेव सिंह आसी व सहायक लोक संपर्क अधिकारी लोकेश कुमार भी मौजूद थे।

नवनियुक्त डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले की तरक्की के लिए स्वच्छता, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं संबंधी विषयों पर विशेष तौर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक, अतिक्रमण व आवारा जानवरों जैसी समस्या से निपटने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शहर में अतिक्रमण की समस्या के सवाल पर उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला प्रशासन को सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन हित के मद्देनजर वे सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगी।

कोमल मित्तल ने कहा कि जहां जिला प्रशासन लोगों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहा है वहीं जिले की बेहतरी के लिए मीडिया भी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए प्रशासन को फीडबैक दें।

# साइट निरीक्षण के लिए डीसी ने किया पीएपी चौक का दौरा

## रेलवे से मंजूरी लेने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत पर जोर

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह द्वारा पीएपी पुल वाले स्थल का दौरा किया गया, जहां स्थानीय बी.एस.एफ. चौक की तरफ से अमृतसर की ओर आसानी से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तीन-तरफा रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। डिप्टी कमिश्नर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करते हुए कहा कि व्यापक जनहित में पीएपी जंक्शन को अपग्रेड करने पर उच्च स्तर पर विचार किया जा रहा है तांकि वहां ट्रैफ़िक जाम की समस्या को कम किया जा सके। एनएचएआई अधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर को बताया कि एनएच-1 के पानीपत-जालंधर सेक्शन को छः मार्गी करने का काम शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत सर्विस रोड, आर.ओ.बी. साइट पर दाहिनी ओर से 132 केवी का निर्माण के साथ ट्रांसमिशन लाइन का रूट तबदील किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को रेलवे के साथ नियमित रूप से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद इस महत्वपूर्ण मार्ग पर काम शुरू किया जा सके।

डिप्टी कमिश्नर ने आगे कहा कि बीएसएफ चौक की तरफ से पीएपी को जाने वाली सड़क पल एक नया आरओबी बनाया जाएगा ताकि एनएच-1 से अमृतसर और लुधियाना की ओर जाने वाली सड़क पर जाने वाले यात्रियों को यातायात की समस्या का सामना न करना पड़े। इस प्रोजेक्ट से ट्रैफिक जाम में भारी कमी आने की उम्मीद है।

# बीसीसीआई ने नई क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी का किया गठन, 3 लोग शामिल

## नई चयन समिति चुनने की होगी जिम्मेदारी

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गुरूवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई की ओर से क्रिकेट सलाहकार समिति की नियुक्ति की गई है। इसको लेकर घोषणा भी कर दिया गया है। क्रिकेट सलाहकार समिति में 3 लोगों को शामिल किया गया है। जिन लोगों को इसमें जगह मिली है उसमें अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक शामिल हैं। इन लोगों पर नई चयन समिति चुनने की जिम्मेदारी होगी। आपको बता दें कि अशोक मल्होत्रा ने भारत की ओर से क्रिकेट खेला है और उन्हें सात टेस्ट और 20 एकदिवसीय मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह पहले भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। दूसरी ओर परांजपे ने भी चार एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं। सुलक्षणा नाइक को भी इसमे जगह दी गई है। सुलक्षणा नाइक 11 साल के करियर के दौरान भारत के लिए दो टेस्ट, 40 वनडे और 31 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

आपको बता दें कि पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट के चयन समिति को भंग कर दिया गया था। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति को बर्खास्त किया गया था। अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे को मदनलाल और रूद्र प्रताप सिंह की जगह शामिल किया गया है। चेतन के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम 2021 में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाई थी। इसके अलावा वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी हार गई थी।

# डीबीईई द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति अधिक से अधिक युवाओं को जागरूक करें : एडीसी



• जालंधर ब्रीज.जालंधर

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने वीरवार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के अलावा जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो द्वारा प्रदान की जाने वाली करियर काउंसिलिंग सेवाओं के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक नौजवान इन सभाओं का लाभ ले सकें।

स्थानीय जिला प्रशासनिक परिसर में जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो (डीबीईई) की गवर्निंगबाडी की बैठक के दौरान एडीसी ने कहा कि डीबीईई सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है। बड़े पैमाने पर रोजगार एवं करियर काउंसलिंग के संबंध में बेरोजगार युवाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं से बेरोजगार युवाओं को अवगत कराया जाए ताकि जिले के युवा इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर काउंसिलिंग देने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के सहयोग से शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क करियर काउंसलिंग उपलब्ध कराई जाए ताकि भविष्य में सही प्रोफेशन चुनने में उन्हें आसानी हो।

# वोटर सूचियों के संशोधन के लिए पोलिंग स्टेशनों पर 3 व 4 दिसंबर को लगाए जाएंगे स्पैशल कैंप



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

सहायक कमिश्नर (जनरल) व्योम भारद्वाज ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक 01 जनवरी 2023 के आधार पर फोटो वोटर सूचियों के संशोधन का कार्य 8 दिसंबर 2022 तक किया जाना है। इसी कड़ी में जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों के वोटरों की वोटर सूचियों के संशोधन के लिए जिले के सभी पोलिंग बूथों पर 3 दिसंबर 2022 (शनिवार) व 4 दिसंबर 2022 (रविवार) को सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक स्पैशल कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पैशल कैंप के दौरान वोटर सूचि संबंधी दावे व एतराज लिए जाएंगे। वे आज डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी होशियारपुर के निर्देशों पर जिले के समूह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आयोग की ओर से जारी प्रोग्राम की तिथियां भी उनके साथ सांझा की।

इसके अलावा 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक प्राप्त होने वाले दावे व एतराज का निपटारा संबंधित चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी की ओर से 26 दिसंबर 2022 तक किया जाएगा और वोटर सूचियों का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को किया जाएगा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.